
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# किसानों,कास्तकारों को नुकसान से उभारने का हरसंभव प्रयास

## कृषि मंत्री ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में उनके शिविर कार्यालय यमुना कालोनी में कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत राष्ट्रीय लॉक डाउन से कृषि तथा उससे जुड़ी अन्य गतिविधियों (गेहॅू कटाई, फसल क्रय, भण्डारण, मण्डी गतिविधियों औद्यानिकी, उर्वरक तथा मानवश्रम उपलब्धता इत्यादि) के प्रभावित होने के चलते किसानों–कास्तकारों को तत्काल विभिन्न तरीकों से राहत प्रदान करने और उनकी यथासंभव हल की जाने वाली समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में कृषि मंत्री ने कहा कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा कोरोना वायरस कोविड–19 संक्रमण से आहूत आपातकाल के चलते किसानों कास्तकारों को होने वाले विभिन्न तरह के नुकसान को हरसंभव उभारने का भरपूर प्रयास



किया जा रहा है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों तथा राज्य सरकार द्वारा कृषकों के कल्याण के लिए अपने स्तर पर भी कुछ अहम् निर्णय लेकर किसानों को तत्काल राहत देने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आज आयोजित बैठक में मा0 मंत्री ने किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी दिये।

मंत्री ने बैठक में कहा कि कृषकों को मिलने वाले बीज में वर्तमान 50 प्रतिशत् सब्सिडी दी जाती है इसको 50 प्रतिशत् से बढाकर 75 प्रतिशत् किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में जहां फसलों–नकदी फसलों को विक्रय करने के लिए किसानों के पास बाजार पंहुच नहीं हैं।

ऐसे अपूर्ण बाजारों का संचालन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से करने तथा समूहों को इसके लिए 2 लाख रू0 तक की सब्सिडी देने का भी निर्णय लिया गया साथ ही अपूर्ण बाजार की सम्पूर्ण गतिविधि को क्रियान्वित करने के लिए अपर सचिव कृषि रामविलास यादव की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया गया है और समिति में और्गेनिक बोर्ड, मण्डी समिति, कृषि, उद्यान से जुड़े अधिकारी भी सदस्य रहेंगे।

मंत्री ने कहा कि कॉपरेटिव सोसाईटिज जो अभी तक केवल रासायनिक उर्वरक के इनपुट किसानों को उपलब्ध करवाती थी अब इन सोसाइटिज के माध्यम से किसानों को जैविक इनपुट (जैविक बीज–उर्वरक इत्यादि) भी किसानों को उपलब्ध करवायी जायेंगी।

उन्होंने कहा कि लॉक डाउन की अवधि के दौरान किसानों के जरूरी कार्यों को चायमान बनाये रखने के लिए भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप यथासंभव जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा कि इस अवधि में किसानों की बही खाता बुक व किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि को पास–पहचान के दस्तावेज के रूप में मान्यता दी जाय ताकि उनकी किसानी कार्यो की जरूरी गतिवधियॉ संचालित होती रहें।

## घर में बैठकर पेटिंग के माध्यम से कोरोना के प्रति किया जागरूक



**संवाददाता** देहरादून। कोरोना लॉक डाउन के चलते स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता आधार वर्मा डीएवी एमए के गोल्ड मैडलिस्ट छात्र ने घर मे रहकर अपनी पेंटिंग के माध्यम से कोरोना से लड़ने के लिए जागरूकता का संदेश दिया है।

आधार वर्मा ने चित्र में कोरोना के संहार के लिए हाथ मे दीपक लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चिकित्सा कर्मी, पुलिस कर्मी, सफाई कर्मी, सिविल डिफेंसकर्मी, किसान, मीडिया कर्मी को कोरोना को रस्सियों से जकड़ कर उचित दूरी अपना कर मॉस्क का प्रयोग कर लड़ते हुए दर्शाया है और जो कि कोरोना वायरस को युद्ध में पछाड़ने के लिए तैयार हैं। आधार वर्मा ने कोरोना पर भारत के लोगो द्वारा लगे लॉक डाउन का प्रहार दिखाया है, जिसने की कोरोना के विस्तार को क्षति पहुँचा कर घायल कर दिया है।

आधार वर्मा ने कोरोना के खिलाफ इस युद्ध में अस्त्रों शस्त्रों को घर पर रहने, सोशल डिस्टेंस को अपनाने, हाथों को बार बार धोने के रूप में दिखाया है। इस युद्ध में लड़ रहे वीरो के सम्मान हेतु जनता द्वारा घरों में रहकर छतों से ताली, थाली व शंख बजाकर प्रोत्साहन देते हुए दिखाया है। आप सभी के इन अस्त्रों शस्त्रों को कोरोना के खिलाफ उपयोग करने व सरकार का सहयोग देने की आशा के साथ मैंने इस चित्र के माध्यम से यह संदेश आप तक पहुंचाया है।

आधार वर्मा ने कहा है कि घर पर रहें सुरक्षित रहें मॉस्क का उपयोग करें, सोशल डिस्टेंस का पालन करें, हाथों को बार बार धोएं।

## न्यूज डायरी

### होम क्वारंटाइन के उल्लंघन पर तीन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता** पिथौरागढ। नगर में दूसरे राज्यों से आये अपने घर आये तीन लोगों पर होम क्वारटाइंन का पालन नही करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिलें से सटे पपदेव गांव के कुलदीप वर्मा और सुबोध चौधरी और हुडेती गांव के अशोक कुमार बीते दिनों घर लौटे थे। उन्हें होम क्वारंटाइन में रखा गया था। देर सांय कोतवाली पुलिस के सेक्टर प्रभारी ने उनके घरों में जांच पडताल की तो तीनों अपने घरों में नही मिले। वही पुलिस ने तीनों के खिलाफ भादवि धारा 188 269 तथा आपदा प्रंबधन अधिनियम 2005 की धारा 51 बी तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वही पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी ने बताया कि विदेशें ओर बाहरी राज्यों से आने वालों को होम क्वारंटाइन में रहने के आदेश है। इन लोगों को अपने घरों में रहना है। पालन नही करने पर सख्त कारवाही की जायेगी।

### शिक्षक ने ग्प्रमीणों को बांटे 250 मास्क

**संवाददाता** पिथौरागढ। मुख्यालय में अब शिक्षक भी अब आगे आये है। जानकारी के मुताबिक मुख्यालय के बिषखोली गांव के शिक्षक गिरीश चन्द जोशी ने अपने बल पर ग्प्रमीणों को 250 मास्क बाटें हैं। जिला प्रशासन से स्वीकिति लेकर इलाके में पहुंचे जोशी ने ग्प्रमों के ग्प्रम प्रधानों को ये मास्क बांटे।

### हारेगा कोरोना, जीतेगा भारत, जीतेगा उत्तराखंड

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर के मोबाइल व्यापारी व सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी कुमार ने कहा है कि कोरोना को हराने के लिए हमें सरकार के आदेशों और दिए जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। उन्होंने कहा कि हारेगा कोरोना, जीतेगा भारत व जीतेगा उत्तराखंड, यह कहावत जल्द ही समाने आयेगा। यहां मिली जानकारी के अनुसार प्रेमनगर के मोबाईल व्यापारी बन्धु सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी कुमार द्वारा दस हजार मॉस्क बनाये जा रहे है जो हर वर्ग के लोगो को निःशुल्क में दिए जा रहे है। इस अवसर पर बताया गया कि सन्नी कुमार का प्रयास है कि कोरोना वायरस कोविड 19 बीमारी की महामारी को देखते हुए प्रेमनगर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगो तक इन मास्को को पहुचाया जाय, जिससे कि इस भयंकर महामारी जैसी बीमारी से निजात मिल सके। इस अवसर पर सन्नी कुमार ने कहा है कि उनका लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा मॉस्क बनाकर अधिक से अधिक लोगो तक इन मास्को को पहुँचाया जाय और वह इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जा रहे है ओर उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मॉस्क पहुंचाया जाये।

# सीमांत में फंसे नेपाली मजदूरों की अब बढने वाली है दिक्कतें

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

■इस पीडा का दर्द न जाने कब सुलझेगा

पिथौरागढ। नेपाल में भी अब लाकडाउन 27 तक बढ गया है। वही अब सीमांत जनपद में फंसें नेपाली मजदूरों की दिक्कतें बढनें की समभावना नजर आ रही है। वही जिला प्रशासन ने धारचूला से 226 नेपाली नागरिक जिला मुख्यालय पहुंचा दिये है। बता दें कि इससे पूर्व पिछले 22मार्च से नेपाल सरकार ने 14 अप्रैल तक लाकडाउन किया था। 14 तारीख से अब नेपाल सरकार ने लाकडाउन को आगामी 27 अप्रैल तक बडा दिया है।

वही अब सीमांत जनपद के राहत शिविरों में रखे नेपाली नाकरिकों को अपने घर जरने के लिए अब और इंतजार करना पडेगा। वही जिला प्रशासन ने धारचूला के राहत केंन्दों में रह रहे 226 नेपाली नागरिकों को पिथौरागढ मुख्यालय के राहत केन्दों में पहुंचा दिया है। वही लाकडाउन बढाये जाने के बाद से ये नेपाली नागरिक परेशानी में पड गये है।

जानकारी के मुताबिक जिले की धारचूला तहसील में धारचूला स्पोर्टस स्टेडियम दृ निगालपानी दृ फायर ब्रिगेड भवन जीआसी बलुवाकोट जौलजीवी और बरम राहत केंन्दों के 165 नेपाली मजदूरों में से 226 जिला मुख्यालय लाये गये है। वही धारचुला के एसडीएम शुक्ला ने बताया कि अचानक नेपाली नागरिकों की बडी तादाद से इलाके के राहत केन्दों में जगह कम पड रही है।

वही इन 226 नेपाली नागरिकों को जिला मुख्यालय के जीआईसी इंटर कालेज में रखा गया है। वही नेपाल सरकार ने भी लाकडाउन की तिथी 27 अप्रैल तक बडा दी गई है जिससे अब नेपाली नागरिकों कों अपने घर जाने के लिए आगे और इंतजार करना पडेगा।

बता दें कि ऐसे समय में इन नेपाली नागरिकों की पीडा का दर्द कैसे सुलझेगा यह सोचने वाला विषय है। जाहिर सी बात है कि सीमांत में फंसे नेपाली मजदूरों की दिक्कतें बढना स्ववाभाविक है।

## गरीबों को वितरित किये जाने वाले राशन की अधिकारी करें निगरानी

**संवाददाता** रुद्रपुर। प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविद 19 आपदा के दौरान शासन द्वारा राशन डिपो के जरिये गरीबों को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न की अधिकारियों द्वारा निगरानी की जानी आवश्यक है।

बयान में बेहड़ ने आशंका जताई कि कहीं गरीब व पात्र लोग इससे वंचित न रह जाएं और चन्द लोग अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए इस योजना को ही पलीता लगा दें। बेहड़ ने कहा कि बीते रोज एक निंदनीय मामला सामने आया है जहां रुद्रपुर भाजपा के एक जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी दबंगई दिखाते हुए एक राशन की दुकान से लगभग दो क्विंटल सरकारी राशन जबरदस्ती उठवाकर अपनी निजी गाड़ी में डाल लिया गया।

इस घटना पर क्षोभ जाहिर करते हुए बेहड़ ने कहा कि अगर जनप्रतिनिधि ही लूट–खसौट में लग गए तो गरीब जनता को राशन कैस उपलब्ध हो पायेगा। उन्होंने कहा कि यह शर्म का विषय है कि जहां प्रशासन के कर्मचारी–अधिकारी महामारी के बीच अपनी जान हथेली पर लेकर गरीबों व असहायों को राशन मुहैया करा रहे हैं।